आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 08.06.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपदा जोखिम कम करने के लिए पूर्व चेतावनी प्रणाली मजबूत करने का आह्वान किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल जिले के लिये 126 करोड़ रुपए से अधिक की 27 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- खेल मंत्री रेखा आर्या ने देहरादून के परेड ग्राउंड में राज्य स्तरीय जूनियर बालक एवं बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।
- पौड़ी जिले के राठ महाविद्यालय पैठाणी में 11 व 12 जून को ''वनाग्नि एवं जलवायु परिवर्तन : एक वैश्विक संकट'' विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा।

..............................................................

<u>प्रधानमंत्री संबोधन—सीडीआरआई 2025</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपदा से बचाव उपायों को मजबूत करने के लिए प्रमुख वैश्विक प्राथमिकताओं का उल्लेख किया है। इनमें वित्तपोषण और पूर्व चेतावनी प्रणाली और समन्वय को मजबूत करना शामिल है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आपदा बचाव के बुनियादी ढांचे पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन—सीडीआरआई—2025 को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने विकास में लचीलेपन की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि ऐसे बुनियादी ढांचे का निर्माण हो जो आपदा का सामना करने में सक्षम हो।

श्री मोदी ने पूर्व चेतावनी प्रणालियों के निर्माण के लिए 25 विकासशील लघु द्वीप देशों के साथ जारी सीडीआरआई के काम को रेखांकित किया।

प्रधानमंत्री ने उच्च शिक्षा में आपदा—प्रबंधन पाठ्यक्रम, मॉड्यूल और कौशल विकास कार्यक्रमों को एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छोटे द्वीप विकासशील राष्ट्रों को बड़े महासागर देशों के रूप में भारत की मान्यता की पुष्टि की और उनकी कमजोरियों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया।

..................................................................

लोकार्पण और शिलान्यास

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल जिले के लिये 126 करोड़ रुपए से अधिक की 27 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में शिक्षा, सड़क, चिकित्सा, सिंचाई, सीवरेज, नगर विकास, सौंदर्यीकरण और निराश्रित गौवंश संरक्षण से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सभी योजनाएं क्षेत्र की आधारभूत संरचना को मजबूत करेंगी और जनता को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि नैनीताल जिले को आदर्श जिला बनाने की दिशा में कई योजनाएं तेज़ी से आगे बढ़ रही हैं। इनमें मानसिक चिकित्सालय, कैंसर संस्थान, आयुष अस्पताल, ओपन जिम, अंबेडकर पार्क, रिंग रोड, एस्ट्रो पार्क और खेल विश्वविद्यालय जैसी योजनाएं शामिल हैं। हल्द्वानी को स्वच्छ और हरित शहर बनाने के लिए कूड़ा प्रबंधन और सीवरेज योजनाएं चलाई जा रही हैं। जाम की समस्या के समाधान के लिए मल्टी–स्टोरी पार्किंग का निर्माण हो रहा है। वहीं, जमरानी बहुउद्देश्यीय बांध और खुरपिया में इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी जैसी परियोजनाएं तराई क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक लाभ देंगी।

..................................................................

जनसमस्या निस्तारण

कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून की ग्राम पंचायत सिमयारी में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी और अधिकारियों को तुरंत समाधान के निर्देश दिए। मंत्री ने रायपुर विकासखंड के राजकीय इंटर कॉलेज भगद्वारीखाल में आयोजित कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के जरिए पिछले 11 वर्षों में 3 दशमलव छह–आठ लाख करोड़ रुपये से अधिक की मदद 11 करोड़ से ज्यादा किसानों तक पहुंचाई गई है। श्री जोशी ने किसानों से कृषि संकल्प अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

उन्होंने सरोना व क्यारा ग्राम पंचायतों में फलोत्पादन, खासकर सेब व कीवी की संभावनाओं का निरीक्षण करने के लिये अधिकारियों को कहा और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत फलदार पौधा भी लगाया। साथ ही पीएमजीएसवाई के तहत निर्माणाधीन मोटर मार्ग का निरीक्षण कर कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूरा करने के निर्देश दिए।

..................................................................

समीक्षा

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने कहा है कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की देरी, लापरवाही या तर्क–वितर्क स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि ये घोषणाएं सिर्फ आंकड़े नहीं, बल्कि जनता की आकांक्षाएं हैं और इन्हें समयबद्ध रूप से धरातल पर उतारना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

देहरादून में मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान 2021 से अब तक की गई 138 घोषणाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बिना शासन की स्वीकृति किसी घोषणा को विलोपित नहीं किया जा सकता और यदि हस्तांतरण या विलोपन की अनुमति एक माह में नहीं मिलती तो विभाग स्वयं उसे क्रियान्वित करने के लिए बाध्य होगा। नगर निगम द्वारा घोषणाओं की उपेक्षा पर नाराजगी जताते हुए श्री बंसल ने कहा कि घोषणाओं की अद्यतन स्थिति कलेक्ट्रेट में अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए।

..............................................................

अवैध दवा निर्माण फैक्ट्री

केंद्रीय नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और उत्तराखंड ड्रग्स विभाग ने हरिद्वार के सिडकुल क्षेत्र में संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक ऐसी फैक्ट्री का खुलासा किया, जो खाद्य लाइसेंस पर अवैध रूप से दवाइयों का निर्माण कर रही थी।

छापेमारी में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है, जिसे पूछताछ के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम दिल्ली ले गई। फैक्ट्री से बरामद दवाओं के सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं।

..............................................................

राज्य स्तरीय बाक्सिंग प्रतियोगिता

खेल मंत्री रेखा आर्या ने देहरादून के परेड ग्राउंड स्थित मल्टीपरपज हॉल में राज्य स्तरीय जूनियर बालक एवं बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 170 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

खेल मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड तेजी से बॉक्सिंग का पावर सेंटर बन रहा है और राष्ट्रीय खेलों में भी राज्य के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने खेल संस्कृति विकसित करने और हर घर से एक चैंपियन तैयार करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और कोचों को भी सम्मानित किया।

..............................................................

राष्ट्रीय सेमिनार

पौड़ी जिले के राठ महाविद्यालय पैठाणी में 11 व 12 जून को ''वनाग्नि एवं जलवायु परिवर्तन : एक वैश्विक संकट'' विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञ और प्रतिभागी हिस्सा लेंगे, साथ ही स्थानीय ग्रामीणों की भी सहभागिता रहेगी।

महाविद्यालय के प्राचार्य डा. जितेंद्र कुमार नेगी ने बताया कि सेमिनार में आमजन से जुड़कर गहन मंथन और शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे, जिनकी रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

.............................................................

लेख साझा

प्रधानमंत्री ने कहा है कि भारत पर किसी भी हमले का करारा जवाब दिया जाएगा और आतंकवादियों तथा उनके आकाओं में कोई भेद नहीं किया जाएगा। श्री मोदी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का एक लेख साझा करते हुए कहा कि सीमापार आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की भारत की नीति स्पष्ट है।

रक्षा मंत्री ने अपने लेख में कहा है कि बातचीत और आतंकवाद साथ–साथ नहीं चल सकते। श्री सिंह ने कहा कि यदि पाकिस्तान भारत के साथ बातचीत को लेकर गंभीर है, तो उसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादी हाफिज सईद और मसूद अजहर को भारत को सौंप देना चाहिए।

.............................................................

साहित्य और संस्कृति प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य सरकार साहित्य और संस्कृति के संरक्षण व प्रोत्साहन के लिए लगातार काम कर रही है। उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान के माध्यम से उत्कृष्ट साहित्यकारों को सम्मानित किया जा रहा है और विभिन्न भाषाओं में ग्रंथ प्रकाशन के लिए वित्तीय सहायता योजना के तहत साहित्यकारों को अनुदान भी दिया जा रहा है।

देहरादून में हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र, गढ़ी कैंट में आयोजित एक कवि सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के उत्कृष्ट साहित्यकारों को ''साहित्य भूषण'' और ''लाइफ टाइम अचीवमेंट'' पुरस्कार के साथ पांच–पांच लाख रुपये की सम्मान राशि प्रदान करने की योजना पर भी काम हो रहा है। युवाओं को साहित्य से जोड़ने के लिए राज्य में विभिन्न प्रतियोगिताएं और कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

.............................................................

खैरालिंग कौथिग

पौड़ी जिले के कल्जीखाल ब्लॉक के असवालस्यूं पट्टी स्थित मुंडनेश्वर में दो दिवसीय प्रसिद्ध खैरालिंग कौथिग मेला कल शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। मेले में बड़ी संख्या में स्थानीय और प्रवासी ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मेले में आयोजित भजन संध्या में इस बार स्थानीय युवा कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मंदिर समिति ने इस मौके पर क्षेत्र के उन छात्र–छात्राओं को भी सम्मानित किया, जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

.............................................................

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

पंतनगर में बनेगा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, पीएम मोदी करेंगे शिलान्यास– इस शीर्षक के साथ हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– सरकार ने एयरपोर्ट निर्माण को 800 एकड़ जमीन नागरिक उड्डयन मंत्रालय को सौंपी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हवाले अमर उजाला लिखता है– तीन साल में दो सौ से अधिक भ्रष्टाचारी जेल भेजे गए।

उत्तराखंड में पंचायत चुनाव को लेकर अभी भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है...इस खबर पर हिन्दुस्तान लिखता है– पंचायतों में ओबीसी आरक्षण को लेकर आयोग की रिपोर्ट पर हुई चर्चा... कैबिनेट ने अपना मत रखेगी उपसमिति।

ऋषिकेश–कर्णप्रयाल रेल परियोजना की सात सुरंग मार्च 2026 तक होंगी आर–पार...इस शीर्षक के साथ दैनिक जागरण लिखता है– 46 सुरंगों का होना है निर्माण, इनमें 39 हो चुकी है ब्रेकथ्रू।

मौसम की खबर पर अमर उजाला लिखता है– मानसून से पहले उत्तराखंड में गर्मी दिखाएगी तेवर,11 जून के बाद मौसम बदलने के आसार।

उत्तराखंड में और बढ़ सकता है बाघों का कुनबा– इस शीर्षक के साथ दैनिक जागरण लिखता है देश के अन्य राज्यों के साथ सितंबर से उत्तराखंड में भी शुरू होगी बाघों की गणना।

.................................................................